FIROZABAD POLICE
सुरक्षा आपकी
संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना खैरगढ दिनांक 03-11-2026 जनपद फिरोजाबाद।

थाना खैरगढ पुलिस टीम द्वारा नाबालिग लडकी से दुष्कर्म करने व जानलेवा हमला कारित करने से संबंधित अभियोग में वांछित अभियुक्त शिवांश उर्फ आशिक गिरफ्तार।

- मु0अ0सं0 231/2026 में प्रकाश में आए 02 अभियुक्तों ऋषि व जगत पुत्रगण इनाम सिंह निवासीगण ग्राम सकटू थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद को दिनाँक 02-11-2026 को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार फिरोजाबाद भेजा जा चुका है।

घटना एवं पुलिस कार्यवाही का विवरण-

दिनांक 01-11-2026 को थाना खैरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत एक नाबालिग खेतों में घायलावस्था में मिली थी, जिसे उपचार हेतु स्थानीय पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना के संबंध में पीडिता के पिता की तहरीर के आधार पर थाना खैरगढ़ पर मु0अ0सं0 231/26 धारा 109,137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पीडिता के साथ दुष्कर्म होने सम्बन्धी साक्ष्य प्राप्त होने पर उक्त अभियोग में धारा 109(1),70(2) बीएनएस व 5जी/6 पॉक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी एवं विवेचना के दौरान घटना में 03 अभियुक्तगण प्रकाश में आये। उक्त अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों ऋषि व जगत पुत्रगण इनाम सिंह निवासीगण ग्राम सकटू थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद को दिनांक 02-11-2026 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार फिरोजाबाद भेजा जा चुका है। प्रकाश में आए अन्य 01 अभियुक्त शिवांश उर्फ आशिक की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में थाना खैरगढ़ पुलिस टीम द्वारा लगातार सुरागरसी-पतारसी की जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 03-11-2026 को थाना खैरगढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर खास की सूचना पर खरगापुर मोड़, निकट खरगापुर गांव से अभियुक्त शिवांश उर्फ आशिक पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम नावली थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का नाम व पता-

1. शिवांश उर्फ आशिक पुत्र सोनेलाल निवासी ग्राम नावली थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

अभियुक्त शिवांश उर्फ आशिक का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 231/2026 धारा 109(1), 137(2), 70(2) बीएनएस एवं 5जी/6 पॉक्सो एक्ट थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार मिश्रा थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
2. व0उ0नि0 श्री नारायण दत्त तिवारी थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री घनश्याम सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
4. एच0एम0 क्राइम 324 अजीत सिंह थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।
5. कां0 386 भुवनेश्वर पटेल थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद।